तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पहले खदानबंदी आंदोलन, फिर रैली निकालकर घेरा जीएम कार्यालय



## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.

## खबर संक्षेप

### कुणाल दुदावत बने जिले के नए कलेक्टर



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए कई आईएएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इस कड़ी जिले के कलेक्टर का परिवर्तन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कुणाल दुदावत को दंतेवाड़ा कलेक्टर पद से हटाकर जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं अजीत वसंत को सरगुजा जिले का कलेक्टर बनाया गया है।

### पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया वनभोज का आयोजन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला ईकाई के सदस्य पिकनिक मनाने के लिए जाते हैं। इस वर्ष हसदेव नदी के किनारे जोराघाट पिकनिक मनाने के लिए कोरबा पूर्व व पश्चिम के 90 सदस्य शामिल हुए। सभी सदस्यों ने क्रिकेट के तर्ज पर गिल्लि-डंडा खेल कर अपने बचपन के दिनों की याद ताजा करते हुए भरपूर आनंद उठाया। इस खेल में दो टीम का गठन किया गया। प्रथम टीम अध्यक्ष, प्रांतीय प्रबंधकारिणी, रायपुर व द्वितीय टीम अध्यक्ष, कोरबा जिला की बनाई गई। इस रोमांचक मुकाबले में प्रथम टीम ने 275 प्वाइंट्स व द्वितीय टीम ने 270 प्वाइंट्स बनाये, इस तरह मात्र 5 प्वाइंट्स से अध्यक्ष, प्रांतीय प्रबंधकारिणी की टीम विजेता रही।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ की वार्षिक बैठक

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ बिलासपुर मंडल की वार्षिक बैठक पटेल भवन बिलासपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राकेश साहू ने की। मंच संचालन मंडल सचिव प्रोम्पी कुमार सिंह ने किया। प्रमुख अतिथि एवं वक्ता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रेलवे मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री संतोष पटेल उपस्थित रहे। मंच पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ बिलासपुर जोन के महामंत्री तिरुमलेश नायडू, जोनल अध्यक्ष कमलेश सिंह, सहायक सचिव नूतन वर्मा, टाटाबाबू राव तथा मंडल चुनाव अधिकारी संजय तिवारी भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री उपस्थित थे। प्रोम्पी कुमार सिंह ने संघ के वार्षिक कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

### सूत सारथी समाज की बैठक संपन्न

**कोरबा।** एनटीपीसी जमनीपाली में सूत सारथी समाज की आवश्यक बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी डीआर सारथी ने की । बैठक में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और समाज के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न अहम मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से समाज को संगठित करने और भविष्य की रूपरेखा तय करने पर जोर दिया गया। चर्चा में यह बात प्रमुखता से उभरी कि समाज की तरक्की के लिए संगठन का एकजुट होना पहली शर्त है। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए संगठन में एकजुटता अत्यंत आवश्यक है। बिखराव से विकास अवरुद्ध होता है, अतः सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए युवा वर्ग में सामाजिक जागरूकता लाने पर बल दिया गया।

## पहली छमाही रिपोर्ट में हुआ खुलासा, उत्पादन व डिस्पैच में आई गिरावट

# कोल इंडिया व अनुषंगी कंपनी उत्पादन और डिस्पैच के निर्धारित लक्ष्य से पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया व उसके अनुषंगी कंपनियां एनसीएल को छोड़कर उत्पादन और डिस्पैच के निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे चल रही है।

**खास बातें**
- केप्टिव कामर्शियल कोल माइनिंग से कोयला बिक्री हुई प्रभावित
- एमसीएल 141 के साथ पहले तो एसईसील 107 मिलियन टन के साथ दूसरे पायदान पर

उत्पादन और डिस्पैच में गिरावट का असर पहली छमाही रिपोर्ट में देखा जा सकता है। एमसीएल ने 153 के मुकाबले 141 मिलियन टन तो एसईसीएल ने 128 के मुकाबले 107 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक बीते वर्ष के प्रथम छमाही से 4221.54 करोड़ कम लाभ हुआ। ट्रेंड को देखते हुए कहा जा सकता है चालू वित्तीय वर्ष

**वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 875 मिलियन टन**
**वार्षिक डिस्पैच लक्ष्य 900 मिलियनटन**


फाइल फोटो

में कोल इंडिया उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने के लिए जूझ रहा है।

कैप्टिव कमर्शियल माइनिंग से कोयला बिक्री प्रभावित हो रहा है। गत वित्तीय वर्ष कैप्टिव कमर्शियल माइनिंग से 197 एमटी उत्पादन हुआ। कोल इंडिया कोयले का सबसे बड़ा खरीददार एनटीपीसी ने स्वयं 40 एमटी उत्पादन किया। कोल इंडिया की 4 यूनियन 4 लेबर कोड के विरोध में एवं एक यूनियन समर्थन जताने में व्यस्त हैं। श्रमिक संगठन बीएमएस का हाल ही में 3 दिवसीय कार्यशाला नागपुर में संपन्न हुआ। जिसमें कोल इंडिया के इस संकट पर कोई चर्चा नहीं की गई। चैयरमैन पद भी अतिरिक्त प्रभार में चल रहा है। प्रभारी चेयरमैन बीसीसीएल आए और वहीं से लौट गए। ईसीएल ने आधिकारिक रूप से कहा है कोयला की डिमांड न होने के कारण स्टॉक बढ़ते जा रहा है। इस मुद्दे पर एक यूनियन नेता ने गोपनीयता की शर्त पर कहा है कि

**कंपनीवार लक्ष्य व कोयला उत्पादन**

(दिसंबर 11 तक के आंकड़े)

| कंपनी | लक्ष्य | उत्पादन |
|---|---|---|
| एमसीएल | 153.91 | 141.24 |
| एसईसीएल | 128.21 | 107.1 |
| बीसीसीएल | 30.55 | 22.5 |
| सीसीएल | 67.75 | 45.58 |
| ईसीएल | 35.12 | 30.8 |
| एनसीएल | 97.4 | 97.57 |
| डब्ल्यूसीएल | 40.64 | 35.74 |
| सीआईएल | 558.58 | 479.97 |

**कंपनीवार लक्ष्य व कोयला डिस्पैच**

| कंपनी | लक्ष्य | डिस्पैच |
|---|---|---|
| बीसीसीएल | 31.12 | 24.04 |
| सीसीएल | 73.9 | 47.92 |
| ईसीएल | 30.31 | 30.96 |
| एमसीएल | 170.46 | 142.35 |
| एनसीएल | 93.94 | 94.88 |
| एसईसीएल | 146.03 | 118.75 |
| डब्ल्यूसीएल | 45.26 | 40.05 |
| कोल इंडिया | 601.02 | 498.94 |

इस मुद्दे पर कोई गम्भीर नहीं है, मानों लक्ष्य हासिल करने से नीतिगत सादगी प्रभावित हो जाएगी। उत्पादन लक्ष्य हासिल ना करने के कारणों की खोज की आवश्यकता नहीं, क्योंकि मानसून, मशीन, जमीन की कमी जैसे कारण तो उपलब्ध है ही। बैठक होगी तो कहा जाएगा कि लक्ष्यों को लेकर हमारी प्रतिबद्धता अटूट है, लक्ष्य वही रहेंगे, कंपनीं उसके पीछे चलती रहेगी। आने वाले समय मे समीक्षा बैठकें तेज होगीं, लंबी लंबी रिपोर्टे बनेगी, परिचर्चाओं में सुधार के अधिक बिंदु उठेंगे। हालांकि सुधार स्वयं कब उठेगा यह देखना होगा। कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनी एमईसीएल ने 153.91 मिलियन टन लक्ष्य के मुकाबले 141.24 मिलियन टन व एसईसीएल ने 128.210 मिलियन टन के मुकाबले 107.1 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। कोयला उत्पादन के मामले में एमसीएल पहले स्थान पर है। वहीं एसईसीएल अब तक दूसरे पायदान पर है।

## छात्रा का फोटो सोशल मीडिया में किया वायरल, गिरफ्तारी की मांग


शिकायत करने चौकी पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक नाबालिक छात्रा का विगत दिनों एक युवक ने अश्लील फोटो को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया था। परिजनों की शिकायत पर

**खास बात**
- चैतमा चौकी क्षेत्र का मामला, ग्रामीण पहुंचे पुलिस चौकी

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है जिसे लेकर परिजनों में आक्रोश है। परिजन मामले को लेकर चैतमा चौकी पहुंचे थे और गिरफ्तारी की मांग की।

जानकारी के अनुसार चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्र में निवासरत एक 15 वर्षीय नाबालिक छात्रा का अश्लील फोटो ग्राम बनबांधा निवासी संदेही रतिराम नामक युवक ने उसका फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया था मामला सामने आने के बाद इस मामले शिकायत पुलिस से की गई थी जिस पर पुलिस ने आरोपी रतिराम के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया था लेकिन अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है जिसे परिजनों में आक्रोश है और इस मामले को लेकर छात्र के परिजन मंगलवार को चैतमा चौकी पहुंचे थे और आरोपी की जगह जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौपा है। चैतमा चौकी प्रभारी अफसर खान ने उन्हें समझाइए दी कि मामले की जांच कटघोरा थाना प्रभारी द्वारा की जा रही है और जल्दी आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी, इसके बाद शिकायतकर्ता परिजन वापस लौट गए।

## रेलवे के नोटिस से सड़क पर उतरे इंदिरा नगरवासी, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक नगरी में दशकों से बसे इंदिरा नगर के निवासियों पर बेदखली का काला साया मंडरा रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा करीब 250

**खास बात**
- 250 पर लाल निशान लगाकर रेलवे ने किया चिन्हांकित

घरों पर लाल क्रॉस के निशान लगाए जाने के बाद मंगलवार की सुबह बस्तीवासियों का धैर्य जवाब दे गया। पुराने पवन टॉकीज और उषा कॉम्प्लेक्स के पास पावर हाउस रोड पर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और बच्चों सहित स्थानीय लोगों ने चक्काजाम कर दिया।

सोमवार को रेलवे अमले की अंतिम चेतावनी के बाद मंगलवार सुबह बस्ती में बैठक हुई, जिसके बाद आक्रोशित भीड़ सड़क पर उतर आई। पेट्रोल पंप के सामने प्रदर्शन के कारण आवागमन पूरी तरह ठप


चक्काजाम करते प्रभावित बस्तीवासी।

हो गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि रेलवे पक्षपात कर रहा है। रसूखदारों के बड़े मकानों को छोड़ दिया गया है, जबकि गरीबों की झोपड़ियों को उजाड़ने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। सोमवार को जब पार्षदों के नेतृत्व में लोग रेलवे कार्यालय पहुंचे तो अधिकारी दफ्तर में ताला लगाकर चले गए, जिससे संवाद की स्थिति पूरी तरह खत्म हो गई है। बस्तीवासियों का तर्क है कि वे पिछले 40-50 वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं। उनके पास वैध बिजली कनेक्शन है और वे नियमित रूप से नगर निगम को टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। निगम द्वारा वहां बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। निवासियों का कहना है कि रेलवे द्वारा उन्हें बिना पुनर्वास और आर्थिक सहायता के नोटिस थमा दिया गया है जिससे उनके सामने आशियाने एवं आर्थिक परेशानी की विकट परिस्थितियां उत्पन्न हो गई हैं। बस्तीवासियों द्वारा चक्काजाम की सूचना मिलने पर कोरबा तहसीलदार श्री पटेल मौके पर पहुंचे और लोगों से बातचीत की। बस्तीवासियों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा तब जाकर चक्काजाम समाप्त हुआ।

## कोयला अफरातफरी करने वाले गिरोह का फूटा भांडा, 6 ट्रेलर जब्त, 5 गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयले की अफरी तफरी करने के मामले में दीपका पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इस गिरोह में शामिल 6 ट्रेलर वाहन

**खास बातें**
- एसईसीएल के गेवरा खदान से कोयला को पहुंचाना था जयरामनगर रेलवे साइडिंग
- बिलासपुर स्थित दूसरे के यार्ड में खपाते थे कोयला

को जप्त कर गिरोह अंजाम देने वाले कुल 5 आरोपियों को पुलिस ने धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीकृत न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा अवैध कारोबार में लिप्त लोगों की धरपकड़ के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही कर रही है। इस कड़ी में दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग खदान से कोयला की अफरा तफरी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया था और उनके निर्देश पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम लगी थी। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि महताब आलम द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 बिजी 5024, ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 9913, ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीजे 4253, ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 15 इ एच 2713, ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 10 बीपी 5301, ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 10 बीयू ⏭ शेष पेज 3 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### दूसरे के यार्ड में पुलिस ने छापामारकर जप्त किया कोयला

दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरोह के सदस्यों के द्वारा गेवरा खदान से कोयला को लोड कर उसे मस्तुरी जयरामनगर बिलासपुर अडानी के साइड में अनलोड करना था लेकिन आरोपियों ने वहां के कर्मचारियों से सांठगांठ कर बिलासपुर स्थित एक दूसरे साइड में अनलोड किया गया था। जहां पुलिस की टीम ने छापामार कर 335 टन कोयला बरामद कर लिया है जिसकी कुल कीमत 5 लाख 76 हजार रुपए बतायी जा रही है। पुलिस की इस कार्यवाही के बाद से इस तरह के गोरखधंधे को अंजाम देने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि इस तरह के काम में जो भी लिप्त होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

## डीजल चोरी पर एसईसीएल की सख्त निगरानी

# डिजिटल तकनीक से संदिग्ध वाहन परिचालन की हो रही पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने डीज़ल चोरी एवं परिचालन अनियमितताओं पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कंपनी ने अपने समस्त परिचालन क्षेत्रों में उन्नत डिजिटल निगरानी एवं सुरक्षा प्रणाली लागू की है, जिससे डीज़ल चोरी की घटनाओं को पूरी तरह से रोका जा सके।

एसईसीएल की सभी क्विक रिस्पांस टीम के वाहनों में अत्याधुनिक जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम स्थापित कर दिए गए हैं। इन वाहनों की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग


फाइल फोटो

एसईसीएल मुख्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर आईसीसीसी से की जा रही है। इससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी और सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। इसके साथ ही एसईसीएल के सभी हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी को उन्नत डिजिटल सेंसरों से लैस किया गया है। ये सेंसर मशीनों की लोकेशन, परिचालन अवधि, डीज़ल खपत एवं किसी भी असामान्य गतिविधि की सटीक जानकारी उपलब्ध कराते हैं। यह प्रणाली डीज़ल चोरी की प्रारंभिक पहचान में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है तथा मशीनरी उपयोग को पूर्णतः पारदर्शी बनाती है। सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एसईसीएल अपने सभी खान क्षेत्रों में आरएफआईडी आधारित बूम बैरियर्स भी स्थापित कर रहा है। इन बैरियर्स के माध्यम से केवल आरएफआईडी टैग युक्त अधिकृत वाहन ही खदान परिसरों में प्रवेश कर सकेंगे। सभी वाहनों की प्रवेश-निकास जानकारी स्वतः डिजिटल रूप से रिकॉर्ड होगी, जिससे अनधिकृत आवाजाही पर प्रभावी रोक लगेगी। इसके अतिरिक्त एसईसीएल द्वारा चयनित कॉन्ट्रैक्चुअल वाहनों एवं एमएमवी में भी जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है। इन वाहनों की मूवमेंट, लोकेशन, रुकने की अवधि एवं मार्ग का रीयल-टाइम ट्रैकिंग डेटा, आईसीसीसी में उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के साथ एआई आधारित विश्लेषण प्रणाली से जोड़ा जा रहा है। यह प्रणाली स्वतः ही असामान्य मूवमेंट, ⏭ शेष पेज 3 पर

### गुरू घासीदास जयंती पर कल शुष्क दिवस घोषित

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आदेश जारी कर जिले में गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार शुष्क दिवस में जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी, प्रीमियम, कम्पोजिट मदिरा दुकानें 18 दिसम्बर को पूर्णतः बंद रहेंगी।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### युवक ने छात्रा को बेरहमी से पीटा

**बिलासपुर।** दोस्ती क्यों तोड़ रही हो कहकर युवक ने छात्रा के साथ बेरहमी से मारपीट कर दीवार में पटक दिया। पुलिस ने हमलावर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बहतराई गीताजंली सिटी फेस 2 निवासी एक युवती एलएलबी अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। 15 दिसंबर को सुबह 5.30 बजे उनका दोस्त शिवम वर्मा उनके घर आया और अपने दिए हुए मोबाइल को मांगकर ले लिया। उसके बाद थोड़ी बात करना है कहकर बाइक से हैप्पी स्ट्रीट, अपोलो रोड होते हुए लिंगियाडीह लेकर गया। वहां सुनसान जगह पर बाइक खड़ी कर तू दोस्ती क्यों तोड़ रही है कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का लात से मारपीट कर सिर को दीवार में पटक दिया। किसी तरह वह उसके चंगुल से छूटकर घर आई और माता पिता को घटना की जानकारी दी। छात्रा ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर शिवम वर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गलत इलाज का आरोप डाक्टर से झूमाझटकी

**बिलासपुर।** गलत इलाज करने का आरोप लगाकर अस्पताल में हंगामा मचाते हुए डाक्टर का कालर पकड़कर झूमाझटकी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। बिल्हा टीआई अवनीश पासवान ने बताया, बिल्हा निवासी संजय सोनी के परिवार के एक सदस्य का तबियत खराब होने पर उन्हें इलाज के लिए बिल्हा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 15 दिसंबर को इलाज के बाद भी स्वास्थ में सुधार नहीं होने पर संजय सोनी अस्पताल में हंगामा मचाने लगा। डा. धीरेन्द्र साहू ने हंगामा मचाने से मना किया तो उसने डा. साहू के साथ गाली गलौज करते हुए कालर पकड़कर झूमाझटकी की। जिससे अस्पताल में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों के द्वारा बीच बचाव किया गया। पुलिस ने डा. साहू की रिपोर्ट पर हमलावर संजय सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 3, 1, 121, 221, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शादी का झांसा देकर छात्रा से अनाचार

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर छात्रा से अनाचार करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने



जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, मध्य प्रदेश की रहने वाली एक युवती तारबाहर क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर नीट की कोचिंग कर रही थी। इसी दौरान उनका मुलाकत लोरमी निवासी मोहम्मद मुशलिम खान से जान पहचान हुई। दोनों मोबाइल में बातचीत करने लगे। इसी बीच युवक छात्रा के किराए के मकान में मिलने आया और शादी करने की बात कहते हुए जोर जबरदस्ती कर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद दोनों के बीच संबंध स्थापित होने लगे। युवती ने उसे बताया वह तीन माह से गर्भवती हो गई और शादी करने का दबाव बनाई तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## स्वच्छता में बिलासपुर का नाम, नए प्रोजेक्ट की दी सौगात

**बिलासपुर।** 22 महीने 21 दिन शहर में आयुक्त ननि और एमडी स्मार्ट सिटी के तौर पर अपनी सेवा देकर सुकमा कलेक्टर बनाए गए आईएएस अमित कुमार के खातों में कई उपलब्धियां शामिल हो गई है,जो आने वाले समय में बिलासपुर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।



- महीने में विकास कार्यों को गति देने का पूरा प्रयास: कमिश्नर

बिलासपुर को स्वच्छता समेत कई राष्ट्रीय पुरस्कार दिलाना, स्मार्ट सिटी की योजनाओं को पूर्ण करना ,सरकारी जमीनों से अतिक्रमण को हटाना,राजस्व में रिकार्ड वृद्धि,शहर के मुख्य मार्गों में स्ट्रीट लाइटों का सुचारू संचालन,नई सड़कों का निर्माण,पुराने अधूरी योजनाओं को पूरा करने, नए क्षेत्रों में विकास कार्य प्रारंभ करने और अरपा रिवर फ्रंट को मूर्त रूप देने कमिश्नर अमित कुमार ने प्रयास किए। इसके अलावा राजस्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए निगम ने पिछले वित्तीय वर्ष में पहली बार 100 करोड़ वसूली का आंकड़े को छूआं। दरअसल मंगलवार की शाम शासन ने आईएएस अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया। इसमें बिलासपुर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार को सुकमा जिले का कलेक्टर बनाया गया। उनके स्थान पर सारंगढ़ -बिलाईगढ़ में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ 2019 बैच के आईएएस प्रकाश सर्वे नगर निगम बिलासपुर के नए आयुक्त बनाए गए हैं।

### एजुकेशन हब,फ्लाई ओवर सिटी 2.0 जैसे प्रोजेक्ट मिले

निगम आयुक्त अमित कुमार के मुताबिक शहर को एजुकेशन हब की सौगात मिली है जिसमें 100 करोड़ की लागत से मधुबन में 13 एकड़ में एजुकेशन हब बनाया जा रहा है। सालिड वेस्ट मैनेजमेंट की केंद्र शासन की महत्वपूर्ण योजना सिटी 2.0 में बिलासपुर का चयन हुआ। पीएम ई बस सेवा में भी बिलासपुर का चयन निगम कमिश्नर अमित कुमार के कार्यकाल में हुआ जिसके तहत बिलासपुर नगर निगम को 50 ई बस मिलने वाली है। ई सिटी बस टर्मिनल तैयार किया जा रहा है।

## बिलासपुर को स्वच्छ, सुंदर बनाना पहली प्राथमिकता

**बिलासपुर।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ 2019 बैच के आईएएस प्रकाश सर्वे नगर निगम बिलासपुर के नए आयुक्त बनाए गए हैं। हरिभूमि ने उनसे बात की तो उन्होंने बताया कि वे गुरुवार को बिलासपुर में ज्वाइन करेंगे।



- नव नियुक्त निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने हरिभूमि से कहा

श्री सर्वे की पोस्टिंग इससे पहले कभी भी बिलासपुर में नहीं रही। उन्होंने कहा कि बिलासपुर को स्वच्छ, सुंदर बनाना पहली प्राथमिकता होगी। लोगों को सड़क, पानी, नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हों, इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। पूरे शहर में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा और सभी के सहयोग के साथ काम किया जाएगा। नव नियुक्त निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने कहा कि लोगों की समस्या को कम करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे कि वह शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करें,जिससे लोगों को आफिसों के चक्कर बार-बार न लगाने पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाएगा तथा विकास कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहेगा।

### सभी के साथ मिलकर काम करेंगे

नव नियुक्त निगम आयुक्त श्री सर्वे ने कहा कि वे प्रशासन, जनता और अन्य विभागों के साथ सहयोग से काम करने को प्राथमिकता देंगे, ताकि शहर के विकास खासकर मूलभूत सुविधाओं जैसे क्षेत्रों में सुधार हो सके और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो। उन्होंने कहा कि वे अकेले काम करने के बजाय सभी विभागों और नागरिकों के साथ मिलकर समस्याओं का समाधान करेंगे। नागरिकों और उनकी समस्याओं को समझना और उनके साथ मिलकर समाधान खोजने का प्रयास होगा।

### सवा चार लाख अनुमानित कीमत, मंडी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई

## पांच संस्थानों में छापा, 139 क्विंटल अवैध धान जब्त



कार्रवाई दौरान उपस्थित जांच टीम के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छापामार अभियान के अंतर्गत जिले की टीम ने पांच किराना दुकानों से अवैध भंडारण कर रखा गया 139 क्विंटल धान जब्त किया है। जब्त धान की अनुमानित कीमत सवा चार लाख के करीब बताई गई है। उक्त धान किसानों से सस्ती दरों पर खरीदकर समितियों में खपाने के उद्देश्य से खरीदा गया था, लेकिन इससे पहले ही जब्त कर लिया गया।

अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन के विरूद्ध प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। इसी के अंतर्गत मंगलवार को पांच स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर 138.50 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। जब्त किये गये धान की कीमत सवा चार लाख रूपए से ज्यादा है। संयुक्त जांच दल द्वारा कृषि उपज मंडी समिति तखतपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरौटीकापा के जितेन्द्र साहू के संस्थान से 30 क्विंटल, गोबंद के सीताराम साहू से 30 क्विंटल, ग्राम सकरा के अमर दास मानिकपुरी के संस्थान से 20 क्विंटल तथा कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर क्षेत्र अंतर्गत दिव्या किराना स्टोर ग्राम जुनवानी के संस्थान से 32 क्विंटल धान एवं ग्राम बिनोरी के राम जी चतुर्वेदी के संस्थान से 26.50 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया।

इन संस्थानों से कुल 138.50 क्विंटल धान का अवैध स्टॉक पाये जाने पर खाद्य एवं मंडी विभाग के द्वारा मंडी अधिनियम के अंतर्गत जब्ती की कार्यवाही की गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि बचौलियों द्वारा गलत तरीके से खरीदा गया धान किसी भी हालत में उपार्जन केंद्रों तक नहीं पहुंचने चाहिए। इससे पहले ही छापामार अभियान चलाकर ऐसे धान की जब्ती की जाए। जिले में धान खरीदी के अंतिम दिवस तक इस तरह का छापामार अभियान जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### अधिया वाले किसानों से मिलता है धान

किराना दुकानों में इन दिनों अवैध तरीके भंडारित धान ऐसे किसानों के हैं, जिन्होंने अधिया या ठेका लेकर खेती की है। इन किसानों के पास पर्ची उपलब्ध नहीं होती, जिससे न तो ये सहकारी बैंकों में धान बेचने के लिए अपना पंजीयन करा पाते और न ही बेच पाते हैं। ऐसे में इन किसानों का धान किराना व्यवसायी औने पौने दाम में खरीदकर सहकारी समितियों में खपाकर मोटी रकम कमा लेते हैं।

### की गई है कार्रवाई

छापामार अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पांच संस्थानों से अवैध भंडारित 139 क्विंटल धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। बिचौलियों द्वारा किसानों का गलत तरीके से खरीदा गया धान किसी भी स्थिति में समर्थन मूल्य पर बेचने नहीं दिया जाएगा।

-अमृत कुजूर
खाद्य नियंत्रक

### 28 लाख 50 हजार रुपए की धान खरीदी में हेराफेरी

मस्तूरी एरमसाही धान खरीदी केंद्र में 920 क्विंटल धान खरीदी में हेराफेरी कर 28 लाख 50 हजार रुपए गबन कर लिया गया है। पुलिस ने कम्प्यूटर आपरेटर को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी

- कम्प्यूटर आपरेटर गिरफ्तार

मस्तूरी टीआई अजहरउद्दीन ने बताया जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मस्तूरी शाखा प्रबंधक सुनील कुमार पनारे पिता के आर पनारे ने रिपोर्ट लिखाई। सेवा सहकारी समिति मर्यादित एरमसाही के पंजीयन क्रमांक 687 के धान खरीदी केंद्र के कम्प्यूटर आपरेटर एरमशाही निवासी कांशीराम खुटे पिता अंजोरी खुटे के द्वारा खरीफ वर्ष 2025 में धान खरीदी कार्य में अनियमितता कर शासन को क्षति पहुंचाई गई है। उक्त प्रकरण में संयुक्त जांच दल द्वारा भौतिक सत्यापन उपरांत 920 क्विंटल खान समिति केंद्र में कम पाया गया है। जो खरीफ विपणन वर्ष 2025 की जारी धन उपार्जन निति का उल्लंघन कर कम्प्यूटर आपरेटर के द्वारा जानबुझ कर फर्जी धान खरीदी की गई है। जिससे समिति को 920 क्विंटल धान जिसकी कीमत 28 लाख 52 हजार रुपए की शासन को आर्थिक क्षति पहुंची है। पुलिस ने श्री पनोरे की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 318, 4, 338, 336, 3, 340, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी कम्प्यूटर आपरेटर कांशीराम खुटे को गिरफ्तार कर लिया है।

### हथियार लहराते वीडियो बनाकर किया वायरल

## दहशत फैलाने वाले नाबालिग सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आपसी विवाद में घर में घुसकर चाचा भतीजे के साथ जमकर मारपीट की गई। उसके बाद हमलवरों ने घातक हथियार लहराते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दहशतगर्दी मचाई। पुलिस ने नाबालिग सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर घातक हथियार जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपी को पैदल घूमाकर जुलूस निकाला गया है।



- पुलिस ने आरोपियों का निकाला जुलूस

कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, 15 दिसंबर को राम मंदिर चौक निवासी शुभम श्रीवास का चांद खान से विवाद हो गया। इस पर रात 11 बजे चांद खान अपने साथियों के साथ धारदार हथियार से लैस होकर दहशतगर्दी मचाते हुए घर में घुसकर शुभम श्रीवास व उसके चाचा के साथ जमकर मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर जख्मी कर दिया है। जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। उसके बाद हमलावरों ने पड़ावपारा काली मंदिर के पास घातक हथियार लहराते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर क्षेत्र में दहशत का माहौल उत्पन्न करने का प्रयास किया। एसएसपी रजनेश सिंह ने वीडियों को गंभीरता से लेते हुए दहशतगर्दो को पकड़कर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया। उसके बाद कोटा पुलिस हरकत में आई और दहशतगर्दो के पतासाजी में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने हमलावर चांद खान पिता बरसाती खान 21 साल पड़ावपारा व एक नाबालिग को पकड़ लिया है। उनके पास से दो तबली, लोहे का पाइप, चैन स्प्रोकेट सहित अन्य घातक हथियार बरामद किया गया है। पुलिस ने शुभम श्रीवास की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 333, 296, 351, 2, 115, 2, 191, 2 व 25 , 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। उसके बाद पुलिस आरोपी की कोटा क्षेत्र में पैदल घूमाकर जुलूस निकाला गया है।

### हुड़दंग मचाने और चोरी करने वाले आरोपी पकड़े गए

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन और ट्रेनों व स्टेशनों में हुड़दंग मचाकर अशांति फैलाने वाले आरोपियों को आरपीएफ ने पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरपीएफ की टीम ने रेलवे स्टेशन पर आराम कर रहे यात्री का मोबाइल चोरी के मामले में जांच करते हुए आरोपी दुर्ग निवासी मुकेश बघेल उर्फ मुक्कू 22 साल को पकड़ा, जिसे पकड़ने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया। इसके अलावा ट्रेन नम्बर 12106 विदर्भ एक्सप्रेस में जेबकतरी का प्रयास करने के आरोप में आरोपी राजेश बनसोड़ 20 साल को पकड़ा गया है। वहीं ट्रेन व स्टेशन में हुड़दंग करने के मामले में कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस में आरोपी दुर्ग निवासी शुभम ठाकुर, राजाराव, मोनू ठाकुर, विक्की देवदास को पकड़ा गया है।

## खड़े ट्रेलर से टकराई बस, 16 यात्री घायल, 12 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/रतनपुर

रतनपुर थाना अंतर्गत नेशनल हाइवे पर दर्री पारा के पास मंगलवार की सुबह 5.30 बजे बिहार से रायपुर जा रही एक बस सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। इस टक्कर में बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए, इनमें से 12 की हालत गंभीर बताई जा रही है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार रतनपुर थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर दर्री पारा के पास मंगलवार की सुबह करीब 5:30 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। बिहार से रायपुर जा रही रॉयल बस क्रमांक सीजी 6 जीवाई 8153 ने सड़क किनारे खराब हालत में ब्रेकडाउन की स्थिति में खड़े ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एडब्ल्यू 3236 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 12 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को तत्काल



एंबुलेंस की मदद से रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 12 यात्रियों को बिलासपुर स्थित सिम्स अस्पताल रेफर किया गया। 4 यात्रियों को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बस ड्राइवर के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए हैं।

### बिलासपुर रेफर

घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 4 यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है।

### घायलों के नाम

राकेश सिंह औरंगाबाद, सुरेंद्र बिहार, मंजय राम बिहार, कलामुद्दीन बिहार, सलोनी सिंह पटवा, सुनीता सिंह पटवा, दीपक बलिया, सनोज रायपुर, राजेश्वर बिहार, साझा रायपुर, फिरोज रायपुर, जुलेखा रायपुर, चिंता कुमार, असरफी बिहार, धर्मेंद्र बिहार, अंकित बिहार, जितन कुमार बिहार शामिल हैं।

### मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। थाना प्रभारी स्वयं घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### रिलीफ ट्रेन का किया गया मॉकड्रिल

**बिलासपुर।** रेलवे में आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने चिकित्सा विभाग ने रेलवे स्टेशन पर सेल्फ प्रोपेल्ड एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन की मॉकड्रिल का आयोजन किया। मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य रेल दुर्घटना की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय, उपलब्ध संसाधनों की तत्परता तथा बचाव एवं राहत कार्यों की कार्य कुशलता का व्यवहारिक परीक्षण करना था। चिकित्सा विभाग ने घायल यात्रियों को त्वरित प्राथमिक उपचार प्रदान करने, ट्रायेज की प्रक्रिया, स्ट्रेचर के माध्यम से घायलों की सुरक्षित निकासी तथा उन्हें निकटवर्ती चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंचाने की कार्रवाई का प्रदर्शन करने के साथ सुरक्षा, परिचालन, यांत्रिक, विद्युत एवं इजीनियरिंग विभागों के बीच समन्वय का भी प्रभावी ढंग से परीक्षण किया गया।

## तेज रफ्तार ट्रक से टकराई बाइक, शिक्षक व पुत्र की मौत

**मरवाही।** घने कोहरे की वजह से ट्रक से टकरा कर बाइक सवार शिक्षक एवं उनके पुत्र की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह चिचगोहना निवासी शिक्षक बक्शी दास अपने पुत्र अंकित रैदास को कॉलेज जाने के लिए बस में बैठाने के लिए बाइक से जा रहे थे। उनका पुत्र अंकित पेंड्रा डीएड कॉलेज का विद्यार्थी था। चूंकि बस मरवाही से छूट चुकी थी, इसलिए वे बस पकड़ने के लिए आगे की ओर जा रहे थे। रास्ते में घना कोहरा था इस कारण वे





विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक को देख नहीं सके एवं ट्रक से जा टकराए। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि, बाइक चला रहे बख्सीदास की घटना स्थल पर पही मौत हो गई एवं उनका पुत्र अंकित दास गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अंकित को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही लाया गया, जहां से उसे जिला हॉस्पिटल रेफर किया गया। अंकित की स्थित देखते हुए परिजन उसे लेकर अपोलो हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### फर्जी लोन की शिकायत पर कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

**बिलासपुर।** एसबीआई के कृषि विकास शाखा व्यापार विहार के शाखा प्रबंधक पर धोखाधड़ी कर दूसरे के नाम पर लोन निकालने की शिकायत कलेक्टर के जनदर्शन में की गई है। कलेक्टर इसकी जांच करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी।

उन्होंने उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में आज मल्हार के दशरथ लाल श्रीवास ने कलेक्टर से मुलाकात कर शिकायत की कि एसबीआई के कृषि विकास शाखा व्यापार विहार के शाखा प्रबंधक द्वारा धोखाधड़ी कर उनके नाम पर लोन निकाल लिया गया है। कलेक्टर ने इस मामले को लीड बैंक ऑफिसर को सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नगोई के सरपंच द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए गांव में हो रहे अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। सरपंच ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत नगोई में असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है, जिससे आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने आबकारी विभाग को मामले को सौंपते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। शहर के सुशील कुमार केंवट ने दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना की राशि दिलाने की गुहार लगाई।

### कार पलटने से गंभीर चालक की मौत

**सोनगरा।** चंदोरा अंतर्गत ग्राम पहिया निवासी धनेश्वर राजवाड़े आ. खरीदन राजवाड़े (34 वर्ष) वर्तमान में वह अपने ससुराल पार्टबहरा, सकलपुर में रहकर ग्राम सोनगरा में बाइक रिपेयरिंग का काम करता था। गत दिन दोपहर में भैयाथान बैंक से रूपए निकाल कर कार क्रमांक जेएच 01 सीके 02331 से वापस लौट रहा था। जैसे ही सोनगरा पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार कार से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे पलट गई। वाहन पलटने के दौरान ही वह उछल कर वाहन से बाहर जा गिरा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने ही परिजन आसपास के लोगों की मदद से घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत धनेश्वर को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह शराब के नशे में था जिससे दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र कोलफील्ड क्षेत्र होने के कारण यहां भारी वाहनों, कोयला लोड ट्रकों और हाईवा की आवाजाही बनी रहती है। दोनों पेट्रोल पंपों के बीच सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बने गड्ढे लगातार हादसों को दावत दे रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग अब तक आंख मूंदे बैठे हैं।

## सजा दिलाने डिजिटल-फोरेंसिक बड़ा हथियार : आईजी

**बिलासपुर।** जिले में एक दिवसीय रेंज स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आईजी डॉक्टर संजीव शुक्ला के निर्देश पर आयोजित इस कार्यशाला में बिलासपुर रेंज के 8 जिलों के राजपत्रित अधिकारियों, विवेचक , रेंज साइबर थाना के अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

राज्य फारेंसिक प्रयोगशाला छत्तीसगढ़ रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डा विक्रांत सिंह ठाकुर ने प्रशिक्षण दिया। एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा आधुनिक युग में अपराध एवं अपराधी दोनों डिजिटल हो गए। विवेचना में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य महत्वपूर्ण है। आईजी डा संजीव शुक्ला ने कहा गया कि राज्य न्यायालयीक प्रयोगशाला रायपुर सेन्ट्रल इंडिया का अकेला लैब है जिसे सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 79 क का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। अब यह डिजिटल फोरेंसिक लैब में विशेषज्ञ के रूप में नामित हो गया है। जिस कार्य के




- राज्य फारेंसिक प्रयोगशाला वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डा विक्रांत ने दिया प्रशिक्षण

लिए हमे चंडीगढ़ एवं भोपाल पर निर्भर रहना पड़ता था अब यह सभी कार्य एफ.एस.एल. रायपुर से हो सकेंगे। अब मोबाईल फोन स्मार्टफोन टैबलेट आदि उपकरणों से डेटा रिट्रीव करना डेटा का विश्लेषण करना विभिन्न इलेक्ट्रानिक प्रदर्शो से प्राप्त डेटा के बीच कनेक्शन स्थापित करना क्लाउड डेटा रिट्रीव करना डैमेज मोबाईलों के डेटा को संरक्षित रखते हुए पासवर्ड ब्रेक करना डिलीट किए हुए डेटा को रिट्रीव करना और भी सरल हो गया। अब मौखिक साक्ष्य पर निर्भर नहीं रह सकते । इसके लिए उपलब्ध डिजीटल फोरेंसिक तथा रेगुलर फोरेंसिक का अधिकतम उपयोग करना है।

अपराध को नियंत्रित करने का तरीका है अपराधी को सजा दिलाना तथा पुलिस का मूल्यांकन का आधार भी अधिकतम अपराधों में अपराधियों को सजा दिलाने के आधार पर होगा। जिसके लिए इलेक्ट्रानिक फोरेसिक बडा हथियार है जिसका अधिकतम उपयोग किया जाना है। कार्यशाला में मधुलिका सिंह, राजेन्द्र जायसवाल, दीपमाला कश्यप, डॉ अर्चना झा, हरीश यादव, निमिषा पाण्डेय नवनीत कौर छाबड़ा, डा0 विक्रांत सिंह ठाकुर, डा रवि चंदेल आदि मौजूद थे।

## बढ़ी गुंडागर्दी, युवकों ने जमकर मचाया उत्पात, दो युवकों के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में एक बार भी गुंडागर्दी बढ़ गई है। आलम यह है कि गुंडागर्दी कर रहे लोगों पर अब पुलिस का भय खत्म सा हो गया है। बीती रात मणिपुर दर्री पारा में कुछ युवकों ने न सिर्फ जमकर उत्पात मचाया बल्कि एक युवक को किराए के मकान से निकाल कर जमकर पिटाई कर दी वहीं दूसरी घटना में युवकों ने एक युवक के घर पत्थरबाजी कर जान से मारने की धमकी दी। दोनों घटनाओं में मणिपुर पुलिस ने उत्पात मचाने तथा मारपीट करने वाले एक ही गिरोह के युवकों पर दो अलग-अलग अपराध दर्ज किया है। आतंक मचाने वाले युवकों में पार्षद पुत्र भी शामिल है।

पुलिस के मुताबिक मंगल पाण्डेय वार्ड खटीक पारा निवासी राहुल सोनवानी आ. पन्नेलाल सोनवानी (22 वर्ष) ने मणिपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 15 दिसंबर की रात वह अम्बेडकर वार्ड दर्रीपारा विकास साहू के यहां लिए अपने किराए के मकान में दोस्तों के साथ था। उसी समय उदय साहू, उत्तम साहू, आकाश यादव, अखिल सोनी, समीर मुण्डा, रौनक मुखर्जी सहित अन्य 3-4 व्यक्ति पहुंचे और किराए के रूम में घुसकर जातिगत गाली गलौज करने लगे। साथ ही मुझे व शुभम रवि को जान से मारकर फेंक देंगे की धमकी देते हुए चाकू दिखाकर जबरन घर से खींचते हुए घर के पास झाडी मे ले गए एवं हाथ मुक्का व ईट पत्थर, डंडे व चाकू से मारपीट करने लगें। मारपीट करते समय शुभम रवि को जलते हुए आग से उसके दाएं हाथ को जला दिए है। इसी बीच उदय साहू ने भाजपा नेता प्रकाश साहू के घर ले जाने की बात कही जहां इनका फैसला करेंगें।

## खबर संक्षेप



### बालको में रोजगार देने प्रशासन की उपस्थिति में हुई बैठक

**कोरबा।** भारत एल्यूमीनियम कंपनी लिमिटेड में स्थानीय बेरोजगारों, भूविस्थापितों, पूर्व बालको कर्मचारियों के परिवारों तथा अन्य प्रभावितों को रोजगार सहित विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय में त्रिपक्षीय बैठक हुई। यह बैठक मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा द्वारा प्रस्तुत पांच सूत्रीय मांगों के संदर्भ में आयोजित की गई। इस बैठक में डिप्टी कलेक्टर टी.आर.भारद्वाज की उपस्थिति रही। बालको प्रबंधन की ओर से अधिकारी प्रखर सिंह सहित दो अन्य अधिकारी शामिल हुए। वहीं मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल ऋषिकर भारती, जिला संयोजक क्रांति कुमार साव, केंद्रीय सचिव सुनील सुना, समाजसेवी महेंद्र थवाईत, प्रदेश महासचिव एस.सी. ढोके, संभागीय संगठन सचिव निर्मल चंद्र कसार, रोगबहरी-जामबहार अध्यक्ष छतरसिंह मांझवर तथा सचिव चंद्रपाल कंवर उपस्थित रहे। बैठक में मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा ने बालको वेदांता में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने, भूविस्थापित परिवारों के अधिकारों की रक्षा, पूर्व कर्मचारियों के परिजनों के पुनर्वास एवं रोजगार, तथा पूर्व में हुए समझौतों को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग प्रमुखता से रखी।

### जल आपूर्ति बाधित होने से आक्रोशित वार्डवासियों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड क्रमांक 5 सुभाष नगर में निवासरत लोग पिछले कुछ दिनों से पानी की किल्लत का सामना कर रहे हैं। वार्ड के पुराना ज्ञान विज्ञान स्कूल के पास स्थित जल आपूर्ति बोरवेल के खराब हो जाने के कारण बोर के आसपास के दर्जनों घरों में पानी की सप्लाई पूरी तरह से ठप्प हो गई है, जिससे वार्डवासियों में आक्रोश व्याप्त है। जल संकट से त्रस्त सुभाष नगर के निवासियों ने मंगलवार को नगर पालिका परिषद दीपका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर पानी की समस्या के निराकरण की मांग की है। वार्डवासियों की मांग है कि नगर पालिका परिषद तत्काल इस खराब बोरवेल को ठीक कराए और जल्द से जल्द पानी की निर्बाध सप्लाई फिर से चालू करे। हमारी सबसे बुनियादी जरूरत पानी है और पानी न मिलने के कारण जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में रिंकू खान, रिजवाना, मोहम्मद नीशा, किरण बिरह सहित अन्य वार्डवासी शामिल थे।

### सद्गुरु कबीर मानिक गुरु धाम बालको में सामाजिक बैठक संपन्न

**कोरबा।** सद्गुरु कबीर मानिक गुरु धाम बालको में संयुक्त मानिकपुरी पनिका समाज की एक जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें सदगुरु कबीर मानिक गुरु धाम बालको में जनवरी माह में आयोजित भव्य शोभायात्रा, युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं 16 सूत चौका आरती हेतु रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें संयुक्त मानिकपुरी पनिका समाज के समिति स्तर से जिला स्तर तक के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। उपस्थित सभी लोगों से सलाह, विचार विमर्श पश्चात तय किया गया कि जिला स्तरीय भव्य शोभायात्रा, युवक युवती परिचय सम्मेलन और सोलह सूत यज्ञ चौका महाआरती के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने मिलजुल कर कार्य किया जाएगा। इस बैठक में जिला अध्यक्ष संतोष दास, उपाध्यक्ष महंत, मोहर दास, पाली ब्लॉक से घनश्याम दास, गोरे दास एवं अन्य, कटघोरा ब्लॉक से समय दास, पवन दास व अन्य, कोरबा शहरी क्षेत्र से ब्लॉक अध्यक्ष पूरण दास, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष पवन दास, कोषाध्यक्ष मोहन दास, महेतर दास, रतन भाई महंत, गंगा महंत, बालको ब्लॉक से संरक्षक रेशम दास, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद मानिकपुरी, संतोष महंत, धरम दास, लक्ष्मण दास, ब्रिज दास, गोपाल दास, गुलाब दास एवं बड़ी संख्या में अन्य क्षेत्र एवं बालको क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### राजस्व मामलों की समीक्षा कर सभी प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में जिले के विभिन्न राजस्व कार्यों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार अविवादित/विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बटांकन, अभिलेख शुद्धता, ई-कोर्ट प्रकरण सहित सभी राजस्व प्रकरणों की प्रगति पर चर्चा हुई। उन्होंने लंबित प्रकरणों के त्वरित और प्रभावी निपटान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने विवादित/अविवादित नामांतरण के आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदारों को लंबित प्रकरणों के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने नक्शा बटांकन कार्यों को गंभीरता से लेने और अगले 15 दिनों में जिले भर में अभियान चलाकर इसमें उल्लेखनीय प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही राजस्व निरीक्षक और पटवारियों को सक्रिय होकर तत्परता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा है।

# एसआईआर के कार्यों को समय-सीमा में करें पूर्ण : वसंत

## कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने टीएल के विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वसंत ने जिले में एसआईआर की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसआईआर से जुड़े कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए फील्ड स्तर पर कार्यों की सतत समीक्षा की जाए साथ ही समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि कार्य समय पर और प्रभावी ढंग से पूर्ण हो सके। समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को समिति स्तर पर सतत एवं प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी पर नियमित मॉनीटिरिंग करने एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या समस्या की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पात्र किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएं। सभी समितियों में उपार्जन प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध होनी चाहिए। धान की तौल, भंडारण एवं उठाव की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जाए तथा खरीदे गए धान का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि समितियों में अव्यवस्था की स्थिति न बने। कलेक्टर ने विशेष रूप से हाथी प्रभावित क्षेत्रों में धान का उठाव प्राथमिकता से सुनिश्चित करने निर्देशित किया। जिससे भंडारित धान को नुकसान से बचाया जा सके। इस हेतु संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा नियमित मॉनिटरिंग करते रहने के निर्देश दिए।

## सहकारिता विभाग के प्राधिकृत अधिकारी संभाल रहे कामकाज

# जिले की 21 सहकारी समितियों में बीते 2 वर्ष से नहीं मनोनित हो सके अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में संचालित 41 सहकारी समितियों में अभी भी 20 समितियां ऐसी हैं जिनमें अध्यक्ष का मनोनयन नहीं किया गया है। जबकि इसके लिए राज्य शासन ने सरकार बनने के बाद ही आदेश जारी कर दिए थे।

**खास बात**

- जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष की नियुक्ति के पश्चात जिले में भी बढ़ी संभावना




इस आदेश के तहत 20 सहकारी समितियों में अध्यक्ष का मनोनयन तो कर दिया गया किंतु 21 समितियों में सहकारिता विभाग ने अध्यक्ष का मनोनयन नहीं किया।

सहकारी समितियों में बीते 7 साल से संचालक मंडल का चुनाव नहीं होने के कारण सहकारिता विभाग के प्राधिकृत अधिकारी ही कामकाज संभाल रहे थे। नई सरकार बनने के बाद सरकार ने नई दिशा पर पहल करते हुए समितियों में अध्यक्ष के मनोनयन का काम शुरु किया गया। इस प्रक्रिया के तहत जिले की 41 सहकारी समितियों में भी अध्यक्ष के मनोनयन का काम शुरु हुआ और संगठन के द्वारा सहकारिता विभाग के पास इसके लिए नाम भी भेजे गए। इन नामों में 41 समितियों में अध्यक्ष मनोनयन करना था किंतु सहकारिता विभाग के द्वारा 21 समितियों में ही अध्यक्ष के मनोनयन की प्रक्रिया पूरी की गई। 20 समितियों में अध्यक्ष के मनोनयन के प्रक्रिया को रोक दिया गया इसके पीछे किस तरह की प्रक्रिया को कारण बताया जा रहा है उसकी जानकारी सामने आज तक नहीं आयी है। जिसका फायदा सहकारिता विभाग के कुछ सहकारिता निरीक्षक उठा रहे हैं। जो समितियों के प्राधिकृत अधिकारी बनकर कामकाज संभाल रहे हैं। अध्यक्ष मनोनित होने से इनकी कार्यप्रणाली पर अंकुश लगता किंतु अध्यक्ष के मनोनयन को लेकर प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने भी संज्ञान नहीं लिया।

### बैंक के अध्यक्ष नियुक्ति के बाद बढ़ी उम्मीद

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष का पद लंबे समय से रिक्त पड़ा हुआ था बिलासपुर कलेक्टर को जिम्मेदारी दी गई थी। अब राज्य शासन की ओर से अध्यक्ष की नियुक्ति होने के बाद जिले में भी सहकारिता विभाग की 20 सहकारी समितियों में अध्यक्ष के मनोनयन की प्रक्रिया शुरु होने की उम्मीद बढ़ गई है और इसके कई दावेदार भी सामने आने लगे हैं।

### इन समितियों में नहीं बने अध्यक्ष

- भैंसमा
- तिलकेजा
- बरपाली
- दुरपा
- भिलाईबाजार
- अखरापाली
- छुरीकला
- जटगा
- बिंझरा
- कुल्हरिया
- पिपरिया
- सुखरीकला
- पठियापाली
- कनकी
- चिकनीपाली
- करतला
- रामपुर
- नवापारा
- पोंडी
- निरधि
- चैतमा

# बालको ने किया मंगल भवन का नवीनीकरण



भवन का लोकार्पण करते सीईओ राजेश कुमार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको टाउनशिप स्थित मंगल भवन के नवीनीकरण परियोजना का उद्घाटन बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर बालको के अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न यूनियन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान राजेश कुमार ने कहा कि बालको सदैव अपने समुदाय के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और मंगल भवन का नवीनीकरण इसी सोच का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह भवन अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन के रूप में विकसित हो गया है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएँ और सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए एक सुव्यवस्थित और सुविधाजनक स्थान प्रदान करना है। मंगल भवन के नवीनीकरण के पश्चात इसके स्वरूप में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। भवन के आंतरिक और बाहरी हिस्सों को आकर्षक बनाने के साथ ही स्वच्छता और रोशनी पर विशेष ध्यान दिया गया है। अब यह भवन न केवल देखने में सुंदर है, बल्कि उपयोग के लिहाज़ से भी अत्यंत सुविधाजनक बन गया है। मंगल भवन में अब स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जिम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे युवा, बुजुर्ग और महिलाएँ सभी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकें। इसके साथ ही खेलकूद के लिए कैरम और टेबल टेनिस जैसी इनडोर गेम्स की व्यवस्था की गई है, जो सभी के लिए मनोरंजन और आपसी मेलजोल का अच्छा माध्यम है। यह भवन शादी-विवाह, पारिवारिक समारोह, सामाजिक कार्यक्रमों एवं अन्य सामुदायिक आयोजनों के लिए भी उपलब्ध रहेगा।

# निर्माण कार्यों में गड़बड़ी, पंचायत सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लालपुर में 15वें वित्त की राशि में गड़बड़ी की शिकायत मिलने के पश्चात जिला पंचायत सीईओ के द्वारा कराई गई जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने पर पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में सीईओ को जनपद पंचायत करतला में अटैच किया गया है।

**खास बात**

- 15वें वित्त की राशि में गड़बड़ी की हुई थी शिकायत

ग्राम पंचायत लालपुर के सचिव द्वारा 15वें वित्त की राशि को निर्माण कार्यों के नाम पर खर्च कर दिया लेकिन काम का अता-पता नहीं। शिकायत होने के बाद सचिव हसन को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन संतोषप्रद जवाब नहीं मिला। आरईएस के कार्यपालन अभियंता ए के जोगी की अध्यक्षता में सीईओ ने जांच टीम का गठन किया और रिपोर्ट मिलने के बाद वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई और सीईओ ने मोहम्मद हसन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। ग्राम पंचायत लालपुर जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा में सचिव मोहम्मद हसन के साथ सरपंच धनेश्वर सिंह ओडेकेरा, पूर्व सरपंच संतोषी नेटी ने 15वें वित्त की राशि में गड़बड़ी की थी। जिसकी शिकायत मिलने के पश्चात जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग ने इस पूरे प्रकरण की जांच कराई थी। जिसमें 8 लाख 64 हजार रुपए की वित्तीय अनियमितता का खुलासा हुआ था। जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद सीईओ द्वारा पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी की गई जिसमें सचिव के द्वारा भेजे गए जवाब को संतोषप्रद नहीं माना गया और निलंबन की कार्यवाही की गई।

# अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर से तहसील में स्थाई तहसीलदार व नायब तहसीलदार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

किसी भी संस्था में मुखिया के उपस्थित नही रहने से निश्चित ही संबंधित कार्य सही समय पर संपादित नहीं हो पाता और न ही संस्था में कार्यरत कर्मचारियों में कसावट रहती है। उससे जुड़े लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

हरदीबाजार तहसील कार्यालय की जहां इस वक्त अधिवक्ताओं व पक्षकारों के काम पिछले एक माह से ठप पड़े हैं, वजह है हरदीबाजार तहसील में तहसीलदार सेवा नहीं दे पा रहे, तो दूसरी तरफ नायब तहसीलदार का तबादला होने के बाद वह जगह खाली पड़ा है ऐसे में अधिवक्ताओं व पक्षकारों की परेशानी बढना लाज़मी है। इसे लेकर हरदीबाजार अधिवक्ता संघ ने 8 दिसंबर को जिला कलेक्टर को लिखित ज्ञापन सौंपकर हरदीबाजार में पदस्थ तहसीलदार अभिजीत राजभानू जो एसईसीएल दीपका प्रबंधन के साथ जमीन अधिग्रहण व मकान नापी कार्यों में व्यस्त होने के कारण तहसीलदार कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते। जिससे न्यायालयीन प्रक्रियाओं जैसे नकल, आवेदनों की मार्किंग, कम्पलायंस प्रदान करने, विवादित प्रकरणों की सुनवाई, कृषकों से संबंधित कार्य ठप पड़े हुए है। न्यायालयीन कार्यों में विलंब होने से आम पक्षकारों को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। वही अधिवक्ता संघ ने जिला कलेक्टर से अतिशीघ्र तहसील में स्थाई तहसीलदार व नायब तहसीलदार पदस्थ करने की मांग की है लेकिन आज तक इस दिशा में अधिवक्ताओं की मांग पत्र व समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। अधिवक्ता संघ हरदीबाजार अध्यक्ष चंद्रशेखर भारद्वाज ने बताया कि 8 दिसंबर को जिला कलेक्टर से स्थाई तहसीलदार व नायब तहसीलदार की मांग की गई थी। जो आज 16 दिसंबर हो गया मांग पूरी नहीं हुई, इससे अधिवक्ता सहित पक्षकार व कृषक व आम नागरिक परेशान है,इस समस्या का अतिशीघ्र निराकरण करें, जिससे रुके न्यायालीन प्रक्रियाओं को गति मिलेगी।

# दीक्षारथी भाई-बहनों का भव्य बहुमान एवं वरघोड़ा समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जैन समाज के लिए मंगलवार का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक रहा। नगर में एक साथ 8 दीक्षारथी भाई-बहनों के पावन आगमन के अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा भव्य वरघोड़ा एवं बहुमान समारोह का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः पाटीदार भवन टी.पी. नगर में स्वल्पाहार से हुई। इसके पश्चात श्री मुनिसुव्रत स्वामी जैन मंदिर, टी.पी. नगर से दीक्षारथी भाई-बहनों का भव्य वरघोड़ा निकाला गया। भजन, जयघोष और मंगल गीतों से पूरा नगर धर्ममय वातावरण में सराबोर रहा। वरघोड़ा उपरांत पाटीदार भवन में आयोजित बहुमान समारोह में सभी दीक्षार्थियों का विधिवत सम्मान किया गया। समाज के वरिष्ठजनों, महिला मंडल एवं युवाओं ने दीक्षार्थियों के त्याग, वैराग्य और धर्ममार्ग की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। समारोह के पश्चात गौतम प्रसादी (स्वरुचि भोज) का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता की। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा इसे कोरबा जैन समाज के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। इस अवसर पर जिन दीक्षारथी भाई-बहनों का बहुमान किया गया उनमें शैलेन्द्र सकलेचा, आशीष सुराना, आर्यन सुराना, आदित्य सुराना, तनीष सोनिगरा, एकता सकलेचा, रितु सुराना, सुरभि भंसाली शामिल हैं।

## त्रिलोकी पब्लिक स्कूल में कार्निवाल का हुआ आयोजन

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास होता है जागृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

त्रिलोकी पब्लिक स्कूल कटघोरा के ए ब्लाक परिसर में मंगलवार को नगर निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी के मुख्य आतिथ्य में एक भव्य, आकर्षक कार्निवाल का आयोजन किया गया जबकि इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय धनोंदिया अध्यक्ष पत्रकार संघ कटघोरा, आशुतोष अग्रवाल डायरेक्टर त्रिलोकी पब्लिक स्कूल, राजेन्द्र सिंह सहायक निरीक्षक उपस्थित रहे।

डायरेक्टर आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि छात्रों के साथ साथ उनके अभिभावकों के द्वारा व्यंजनों के स्टाल लगाए गए थे। कार्निवाल का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ मनोरंजन और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। मुख्य अतिथि धर्मनारायण तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर दिया जा रहा ध्यान सराहनीय है ततपश्चात सभी ने लगाए गए व्यंजनों के स्टालों का अवलोकन किया। कार्निवाल में आकर्षक झूले, मनोरंजक खेल के साथ छात्रों के अभिभावकों के द्वारा एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल लगाई गईं, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी कार्निवाल का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय के प्राचार्य दीपा चौहान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों, सहयोग और आनंदपूर्ण सीख से जोड़ते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं आयोजन को सफल बनाने वाले शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोयला अफरा...

9401 उपरोक्त ट्रेलर के संचालकों द्वारा अदानी पावर के जयरामनगर रेलवे साइडिंग के स्टाफ के साथ मिलकर एसइसीएल गेवरा खदान से अदानी पावर के जयरामनगर रेलवे साइडिंग तक जाने वाले 335 टन कोयला को अदानी पावर के जयरामनगर रेलवे साइडिंग ना पहुंचा कर कोयले की अफरा तफरी किया गया है। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 316(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दीपिका थाना पुलिस की एक विशेष टीम गठित कर अपराध में शामिल उपरोक्त वाहनों को एवं अपराध से संबंधित कोयला को जप्त किया गया है साथ ही अपराध में शामिल उपरोक्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में मस्तूरी जिला बिलासपुर निवासी लक्ष्मण कुमार उम्र 25 वर्ष पिता श्याम सुंदर श्रीवास, परसदा थाना सकरी बिलासपुर निवासी उम्र 24 वर्ष तुषार खंडे पिता चंद्र कुमार खंडे, खमरिया बिलासपुर निवासी गोपी किशन सोनझरी उम्र 22 वर्ष पिता कमल प्रसाद सोनझरी, धतूरा कोरबी हरदीबाजार निवासी दुर्गेश कुमार साहू उम्र 22 वर्ष पिता दीनदयाल साहू, एवं हरदीबाजार निवासी अतीक मेमन उम्र 26 वर्ष पिता अवेज मेमन शामिल है। जिन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। जबकि मामले में फरार चल रहे आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है।

### डिजिटल तकनीक...

अनाधिकृत रुकावट, गलत मार्ग एवं संदिग्ध पैटर्न की पहचान करेगी, जिससे डीज़ल चोरी एवं गलत रिपोर्टिंग की संभावनाएँ नगण्य हो जाएँगी। जीपीएस ट्रैकिंग, डिजिटल सेंसर, आरएफआईडी बैरियर्स और एआई आधारित एकीकृत निगरानी तंत्र के माध्यम से एसईसीएल का लक्ष्य डीज़ल चोरी को जड़ से समाप्त करना तथा अपने परिचालन तंत्र को पूर्णतः सुरक्षित, पारदर्शी एवं दक्ष बनाना है। इन पहलों के लागू होने से सुरक्षा, दक्षता और निगरानी—तीनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित होगा। एसईसीएल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि डीज़ल चोरी या किसी भी प्रकार की अनियमितता के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। दोषियों के विरुद्ध कड़ी एवं त्वरित कार्रवाई की जाएगी, चाहे वे किसी भी स्तर पर क्यों न हों।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिकों को मिले जीवन सहायक उपकरण

**कोरबा।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के प्रयास से अनुभव भवन बालको नगर में जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन आफ इंडिया के नियमित सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यक्रम अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों हेतु निशुल्क जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि महापौर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को उपकरण वितरण किए गए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मीना शर्मा, रुक्मणी नायर, मैत्री संघ के अध्यक्ष के एन सेठ, महासचिव पी एल सोनी, मैत्री संघ के सदस्यगण, समाज कल्याण विभाग के अधिकारीगण, नगर निगम के अधिकारीगण, पार्षद सत्येंद्र दुबे, पार्षद मंगल राम बंदे, पार्षद चेतन मैत्री, पार्षद चंदा देवी रत्नाकर एवं अन्य उपस्थित रहे।

### आज के युवा भविष्य के स्वर्णिम भारत के निर्माता : रणधीर

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक स्वर्णिम भारत आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लेकर चल रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत तभी बनेगा जब हम स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के मंत्र के साथ काम करेंगे। इसी कड़ी में शासकीय कन्या विद्यालय टी पी नगर के बच्चों को अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रणधीर कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष झखेंद्र देवांगन मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, राजेश राठौर, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, अनिल वस्त्रकार,रमाशंकर साहू, राहुल नवनीत शुक्ला, सूरज पांडेय, सुकेश दलाल, राजेंद्र राजपूत, नवीन जायसवाल के साथ शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने औद्योगिक तकनीकी का किया गहन अध्ययन

**कोरबा।** कक्षा दसवीं व ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए सीपेट का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में कुल 54 विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल हुए। प्रधानाचार्य हेमंतो मुखर्जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। श्री मुखर्जी सदैव विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक, तकनीकी एवं औद्योगिक अनुभव प्रदान करने पर विशेष बल देते हैं, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। शैक्षणिक भ्रमण में रश्मि, ज्योति, रीना, सुल्तान एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। प्रथम चरण में विद्यार्थियों ने प्रोसेसिंग लैब का भ्रमण किया। विद्यार्थियों को प्लास्टिक से बनने वाले विभिन्न उत्पादों जैसे छोटे, पतले, खोखले से लेकर मोटे पाइपों एवं बोतलों की निर्माण प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। उत्पादों के निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे माल को दिखाया गया तथा उनकी विशेषताओं की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को हॉलो पाइप निर्माण प्रक्रिया मशीनों के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से दिखाई गई। इसके साथ-साथ दोषपूर्ण उत्पादों के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया भी समझाई गई।

### पल्स पोलियो अभियान की तैयारियां करें पूर्ण : कलेक्टर

**कोरबा।** जिले में 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक हुई। कलेक्टर ने अभियान की सफल संचालन एवं शून्य से 05 वर्ष के सभी लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिया। साथ ही अभियान दिवस को पोलियो खुराक पीने से वंचित बच्चों को मॉपअप दिवस के दिन घर-घर जाकर खुराक पिलाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया। बैठक में एसडीएम कटघोरा तन्मय खन्ना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश नाग, अपर कलेक्टर देवेन्द्र पटेल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 21 दिसम्बर को आयोजित किया है।

# निजी स्कूल अब आरटीई के तहत पहली कक्षा में ही ले सकेंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

निःशुल्क शिक्षा अधिकार के तहत निजी स्कूलों के द्वारा छात्रों को प्रवेश देने के मामले में किए जा रहे फर्जीवाड़े पर डीपीआई ने रोक लगा दी है। अब निजी स्कूल आरटीई के तहत केवल पहली कक्षा में ही प्रवेश दे सकेंगे। आगे की कक्षाओं में सीट रिक्त होने के बाद भी प्रवेश देने के मामले में डीपीआई ने रोक लगा दी है और इसके आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12, के खण्ड (1) के उपखण्ड (ग) के प्रावधान अनुसार राज्य में निजी विद्यालयों द्वारा केवल कक्षा पहली में प्रवेश दिए जाने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया जाना प्रस्तावित किया गया है। उपरोक्त प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की जाती है। स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव नीलम टोप्पो ने आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में अब प्रवेश कुछ इस तरह की शर्तों पर होगा। नियमों में बदलाव के पीछे आरटीई के तहत प्रवेश को लेकर हो रही गड़बड़ी और फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाना माना जा रहा है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश को लेकर बड़े पैमाने पर शिकायतें राज्य सरकार को लगातार मिल रही है। उत्तर छत्तीसगढ़ में एक और दो कमरों में दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। इन स्कूलों में आरटीई के तहत दस्तावेजों में बच्चों का प्रवेश दिखाकर सरकारी खजाने को चूना लगाने का काम किया जा रहा है। शहर के कई नामी स्कूल आरटीई के तहत मिलने वाली बड़ी राशि के फेर में पहली कक्षा में प्रवेश देने के बाद आगे की कक्षाओं में सीट रिक्त होने पर भी उक्त सीट को एडमिशन वाली सूची में शामिल कर राशि ले ली जाती थी इससे राज्य सरकार को भी नुकसान उठाना पड़ रहा था। वहीं दूसरी ओर इस फर्जीवाड़े में छात्रों की कम दर संख्या वाले ऐसे स्कूल जो बंद होने की स्थिति में आ गए थे वह इस खेल में पुर्नजीवित हो गए थे। ऐसे स्कूलों पर अब ताला लगने की स्थिति आ जाएगी।

## डीपीआई ने नियम में बदलाव कर जारी किया आदेश

**खास बात**

- आगे की कक्षाओं में सीट रिक्त होने के बाद भी प्रवेश पर लगी रोक



**आदेश हुआ है जारी**

डीपीआई के द्वारा आरटीई के तहत निजी स्कूलों में पहली कक्षा में ही प्रवेश देने का आदेश जारी हुआ है। अब निजी स्कूल पहली कक्षा के बाद आगे की कक्षाओं में सीट के रिक्त होने पर भी प्रवेश नहीं दे सकेंगे इस पर रोक लगा दी गई है।

-टी पी उपाध्याय, डीईओ

## नर्सरी के लिए भ्रम की स्थिति

कुछ बड़े स्कूल नर्सरी कक्षाओं में भी आरटीई के तहत प्रवेश दिया करते थे इस आदेश में कक्षा पहली का जिक्र होने के कारण यह स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है कि अब इस आदेश के बाद नर्सरी की कक्षाओं में आरटीई के तहत प्रवेश देना होगा या नहीं इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा डीपीआई से मार्गदर्शन लेने की बात कही गई है।

## एसईसीएल गेवरा, कुसमुंडा, दीपका, कोरबा क्षेत्र से प्रभावित ग्राम के भूविस्थापितों ने खोला मोर्चा

# पहले खदानबंदी आंदोलन, फिर रैली निकालकर घेरा जीएम कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, कोरबा क्षेत्र से प्रभावित गांव के भूविस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में रोजगार व आऊटसोर्सिंग कार्यों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने सहित अन्य मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया। भूविस्थापितों ने गेवरा खदान के तीन फेस में कोल उत्पादन बंद कर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद भूविस्थापित रैली की शक्ल में एसईसीएल गेवरा मुख्यालय पहुंचे और कार्यालय के दोनों मुख्य द्वार को बंद कर धरना प्रदर्शन किया।

**खास बात**

- समस्याओं का समाधान नहीं होने पर 30 दिसंबर को कुसमुंडा में खदान बंदी आंदोलनन की चेतावनी

एसईसीएल के विभिन्न परियोजनाओं से प्रभावित गांव के भूविस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा व भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में अर्जन के बाद जन्म, छोटे खातेदारों को रोजगार एवं लंबित रोजगार की प्रकरणों का निराकरण कर सभी खातेदारों को रोजगार देने, आउट सोर्सिंग कार्यों में प्रभावित गांव के बेरोजगारों को शत प्रतिशत रोजगार देने की मांग को लेकर सुबह से ही गेवरा खदान के अंदर तीन जगहों में कोल उत्पादन बंद कर दिया एवं रैली निकाल कर एसईसीएल गेवरा मुख्यालय के दोनों मुख्य द्वार को बंद कर घेराव प्रदर्शन किया। एसईसीएल द्वारा प्रभावितों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेने पर प्रदर्शनकारी द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की घोषणा कर नारेबाजी करने लगे। घेराव को रोकने के लिए दो मुख्य गेट में बेरिकेटिंग की गई थी। आंदोलन से पीछे नहीं हटने पर एसईसीएल ने लिखित में बिलासपुर मुख्यालय में बैठक आयोजित कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया उसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। आंदोलन का नेतृत्व जवाहर सिंह कंवर और दीपक साहू ने किया। किसान सभा ने कहा है कि मांगों पर आगे सकात्मक पहल नहीं हुआ तो 30 दिसंबर को कुसमुंडा क्षेत्र में प्रदर्शन और खदान बंदी आंदोलन किया जायेगा। किसान सभा ने आगे के आंदोलन के लिए नोटिस पहले ही अधिकारियों को थमा दिया है। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि सभी भूविस्थापित किसानों जिनकी जमीन एसईसीएल ने अधिग्रहण किया है उन सभी खाते पर भूविस्थापितों को स्थाई रोजगार एसईसीएल को देना होगा। विकास परियोजना के नाम पर गरीबों को सपने दिखा कर करोड़ों लोगों को विस्थापित किया गया है। अपने पुनर्वास और रोजगार के लिए भूविस्थापित परिवार आज भी भटक रहे हैं। अब गुमराह करने का प्रयास एसईसीएल बंद करे नहीं तो आगे खदानों में और उग्र आंदोलन होगा। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि पुराने लंबित रोजगार को लेकर एसईसीएल गंभीर नहीं है। किसानों को छोटे बड़े खातेदार के नाम पर बांटा जा रहा है, किसानों की एकता में फुट डालने का काम एसईसीएल और आउट सोर्सिंग कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। छोटे खातेदारों को रोजगार से वंचित किया गया है और आउट सोर्सिंग कार्यों में भी प्रभावितों को प्राथमिकता नहीं देने का आरोप लगाया है। भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के दामोदर श्याम, रेशम यादव, सुमेंद्र सिंह ने कहा कि वर्ष 1978 से लेकर वर्ष 2004 के मध्य कोयला खनन के लिए जमीन को अधिग्रहित किया गया है, लेकिन तब से अब तक विस्थापित ग्रामीणों को न रोजगार दिया गया है। न पुनर्वास ऐसे प्रभावितों की संख्या सैकड़ों में है, सभी को रोजगार देना होगा। धरना प्रदर्शन व खदान बंदी आंदोलन के दौरान जनपद सदस्य नेहा तंवर, दिग्विजय, पुनी राम, विजय, शरद, बग्गू सिंह, त्रिवेंद्र, सूरज, सरपंच रलिया, विष्णु सिंह बिंझवार, पूर्व सरपंच बेबी सिंह तंवर, रमेश पोड़ी, संतोष राठौर भटोरा, विनोद, राजेंद्र, तुलेश, हीरा सिंह, सोनू, विवेक दास, भीम, बबिता, राजकुमारी, सुकृता, इंदु, फुल सुंदरी, दीनानाथ, नरेश, नारायण, डूमन, चंद्रशेखर सहित अन्य भूविस्थापित उपस्थित थे।





खदान में काम रुकवाते एवं प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

# सूने मकान में चोरों का धावा, सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक परिवार विगत दिनों इलाज कराने के लिए सहपरिवार बिलासपुर अपोलो अस्पताल गये हुए थे। इस दौरान दोपहर को उसके सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर में रखे लाखों रुपए के कीमती सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

थाना सिविल लाईन रामपुर क्षेत्र अंतर्गत आरपी नगर कोसाबाडी मकान नंबर 846 निवासी डा. शिरीन लाखे उम्र 69 वर्ष पिता स्व. एनए लाखे ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 दिसंबर को अपने इलाज के लिए अपोलो अस्पताल बिलासपुर गया हुआ था। इस दौरान दोपहर 3 से 4 बजे के मध्य किसी अज्ञात चोरों के द्वारा घर के दरवाजा का ताला तोड कर घर के आलमारी में रखे पुराने सोने का मंगलसूत्र 30 ग्राम, सोने का हार 2 नग लगभग 30-35 ग्राम, सोने का कडा 2 नग 30 ग्राम, सोने का टाप्स 3 नग 9 लगभग ग्राम, चांदी लगभग 100 ग्राम, नगदी रकम 50 हजार रूपये कुल जुमला किमती लगभग 4 लाख रूपये को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई है। चोरों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के घर चोरी

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मातिन निवासी प्रियंका ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसका पति कमलेश एसईसीएल कोतमा जमुना बीटीसी सेन्टर में सिक्युरिटी गार्ड का काम करता है। प्रियंका रोजाना घर से आंगनबाड़ी लोड़ीबहरा में काम करने सुबह 9 बजे और शाम 5 बजे वापस घर आती है। 4 दिसंबर को अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला खोलकर कमरे में रखे टीन के पेटी से सोने का मंगलसूत्र, टाप्स, चांदी का एक जोड़ी पायल, छोटा चम्मच, गिलास, कटोरी, चांदी का सिक्का सहित हजारों का सामान पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# युवक की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 40 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेमनगर निवासी ओमप्रकाश खुंटे 40 वर्ष पिता धनऊराम खुंटे पेट में अत्याधिक दर्द होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ओमप्रकाश आदतन शराबी था और अधिक शराब पीता था जिससे चलते उसकी तबीयत बिगड़ी थी। संभावना जतायी जा रही है कि अत्याधिक शराब सेवन की वजह से उसकी मौत हुई है। फिलहाल मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दिया है।

# 50 हाथियों का झुंड पहाड़ पर तो एक दंतैल नीचे में मकानों को बना रहा निशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल में स्थायी ठिकाना बना चुके हाथियों के झुंड में से 50 हाथी पहाड़ के ऊपर डेरा डाले हुए हैं तो वहीं एक दंतैल पहाड़ से नीचे उतर कर लगातार बस्ती में उत्पात मचा रहा है। देर शाम होते ही बस्तियों में घुसकर मकान को तोड़फोड़ करता है जो वन विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। दंतैल हाथी पिछले तीन दिनों में कई मकानों को तोड़ चुका है। जिसे कंट्रोल करना वन विभाग के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जबकि 50 हाथी पहाड़ के आसपास ही विचरण कर रहे हैं।

**खास बात**

- कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज में 51 हाथी मचा रहे हैं उत्पात



फाइल फोटो

कटघोरा वन मंडल में विचरण कर रहे हैं हाथी का झुंड पूर्व में एतमानगर, केंदई व पसान रेंज में ही अक्सर आना-जाना करते थे लेकिन पिछले 15 दिनों से 51 हाथियों का झुंड जटगा रेंज में ही अपना स्थायी ठिकाना बना चुके हैं। इसी रेंज के अंतर्गत आने वाले मेडू पहाड़ पर ही अपना स्थायी डेरा जमा चुके हैं। पिछले तीन दिनों से पहाड़ के आसपास ही हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जबकि झुंड में से अलग होकर एक दंतैल हाथी पिछले तीन दिनों से पहाड़ से नीचे उतरकर बस्ती के आसपास विचरण कर रहा है। वन विभाग की माने तो देर शाम होते ही दंतैल हाथी एक्टिव हो जाता है और बस्तियों में घुसने की कोशिश करता है और मकान को तोड़फोड़ मचाते हुए जान माल का नुकसान करता है। बीती रात सोमवार को लगभग 2 बजे यह दंतैल हाथी जटगा वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम भंवरकछार जा धमका था। जहां एक मकान को तोड़ते हुए जमकर उत्पात मचाने लगा। वन विभाग की टीम पेट्रोलिंग करते हुए मौके पर पहुंची और घर के भीतर मौजूद लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा। वन विभाग की टीम नहीं मौके पर नहीं पहुंचती तो बड़ी जनधन की हानि भी हो सकती थी। बताया जाता है कि दंतैल हाथी बहुत ही आक्रामक है और लगातार बस्तियों के आसपास घुसकर उत्पात मचा रहा है। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम लगातार इस दंतैल हाथी की निगरानी कर रहा है और उसे झुंड में मिलाने की कोशिश कर रहे हैं।

## हाईड्रा की ठोकर से ग्रामीण की मौत

**कोरबा।** करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटमेर पेट्रोल पंप के सामने निर्माणाधीन फोरलेन रोड के उपर कोटमेर निवासी उदेशराम अगरिया को जंगल से लकडी काटकर वापस घर पैदल जा रहा था जिसे डीबीएल कंपनी का हाईड्रा क्रेन के चालक द्वारा वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया है जिससे उदेशराम की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिय है और हाईड्रा के चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## महापौर ने 86 वरिष्ठजनों को जीवन सहायक उपकरण प्रदान किया

# वरिष्ठजनों की सेवा व सम्मान हमारी संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण अंग: संजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वरिष्ठजनों की सेवा सुश्रुषा करना एवं उन्हें सम्मान देना हमारी भारतीय संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं और हमारा परम कर्तव्य भी है, हमारे वरिष्ठजनों के जीवन अनुभव एवं उनके मार्गदर्शन हमारी जीवन यात्रा को सही दिशा देते हैं, सही और गलत का भेद समझाते हैं। हमारा परम दायित्व है कि हम समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान करें, उनकी सेवा करें तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त करें।

उक्त बातें महापौर ने वरिष्ठजनों के लिए आयोजित निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह के दौरान कहा। जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग एवं नगर पालिक निगम के सहयोग से भारत सरकार की कम्पनी जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन आफ इंडिया के सीएसआर कार्यक्रम अंतर्गत मैत्री संघ भवन बालको कोरबा में वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। महापौर ने कहा कि हमारे बुजुर्ग भारतीय संस्कृति के केन्द्र बिन्दु हैं एवं उनकी स्मृतियाँ हमारी सभ्यता की नींव है। वरिष्ठजनों का सम्मान करना, उनका सहारा बनना एवं माता-पिता की पूजा करना, ईश्वर की आराधना के समान है और हमारा नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार वरिष्ठजनों की सुरक्षा, उनके स्वास्थ्य, सामाजिक सहभागिता एवं उनका गरिमामय जीवन सुनिश्चित करने हेतु कृत संकल्पित है तथा पूरी इच्छाशक्ति के साथ इस दिशा में कार्य कर रही है। इस दौरान महापौर एवं उपस्थित अतिथियों ने 86 वरिष्ठजनों को आवश्यकतानुसार विभिन्न जीवन सहायक उपकरण यथा वाकिंग स्टिक, कमरबेल्ट, कमोट कुर्सी, श्रवण यंत्र, वाकर सहित अन्य उपकरण प्रदान किए, उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल एवं पार्षद सत्येन्द्र दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में पार्षद चेतन सिंह मैत्री, मंगलराम बंदे, रजत प्रसाद, वरिष्ठ भाजपा नेत्री रूकमणी नायर, रेणु प्रसाद, राकेश सोनी, चंदादेवी रत्नाकर, भगत विश्वकर्मा, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक हरीश सक्सेना, निगम के उपायुक्त बीपी त्रिवेदी, मुकेश दिवाकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।




वरिष्ठजनों को उपकरण प्रदान करते महापौर, एमआईसी सदस्य एवं अन्य।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
05 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411